दिन– रविवार                                                                दिनांक– 19/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                          अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत पांच संसदीय क्षेत्रों सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में मतदान कल।

02. इस चरण में हाजीपुर से चिराग पासवान, सारण से रोहिणी आचार्य और सीतामढ़ी से देवेश चन्द्र ठाकुर समेत अस्सी उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज बेतिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा– अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में हॉट डे की स्थिति बनी रहेगी।

---

प्रदेश में पांचवें चरण में पांच लोकसभा सीट– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कल मतदान होगा। इन क्षेत्रों के लिए चुनाव प्रचार शनिवार की शाम समाप्त हो गया। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मतदान केन्द्रों पर नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की ओर से कई तरह के जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। साथ ही मतदान केन्द्रों को भी विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग साठ हजार सुरक्षा बल और पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी में तैनात किये गये हैं। दियारा क्षेत्र और नेपाल से सटे सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा की अतिरिक्त व्यवस्था की गयी है। अन्तर जिला चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की जांच की जा रही है। दियारा क्षेत्रों में नदी गश्ती की व्यवस्था की गयी है। लगभग बीस घुड़सवारी दल भी तैनात किये गये हैं, जो दियारा के सुदूर इलाकों में निगरानी करेंगे। मतदान के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलाने और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दरभंगा में दो एयर एम्बुलेंस को भी तैनात रखा गया है।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत प्रदेश में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या

उनचास लाख निन्यानवे हजार छह सौ सत्ताईस और महिला मतदाताओं की संख्या पैंतालीस लाख ग्यारह हजार दो सौ उनसठ है। वहीं, थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या तीन सौ है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण में एक लाख छब्बीस हजार एक सौ चौवन मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे।

---

पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के तहत पांच क्षेत्रों में छह महिला उम्मीदवारों समेत कुल अस्सी प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में सभी सीटों पर एनडीए की ओर से भाजपा के तीन और जदयू तथा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के एक–एक प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, इंडी गठबंधन में शामिल दल राजद के चार और कांग्रेस के एक प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा के राजीव प्रताप रूडी सारण से, अशोक कुमार यादव मधुबनी से और राज भूषण निषाद मुजफ्फरपुर से, जदयू के देवेश चन्द्र ठाकुर सीतामढ़ी से तथा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिराग पासवान हाजीपुर से उम्मीदवार हैं। वहीं, इंडी गठबंधन से राजद की रोहिणी आचार्य सारण से, अली अशरफ फातमी मधुबनी से, शिव चन्द्र राम हाजीपुर से और अर्जुन राय सीतामढ़ी से तथा कांग्रेस के अजय निषाद मुजफ्फरपुर से उम्मीदवार हैं।

---

पांचवें चरण के चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। लोग नियंत्रण कक्ष के टेलिफोन नम्बर – शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य एक और शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य दो या फैक्स नम्बर – शून्य – छह – एक – दो – दो – दो – एक – सात – पांच – नौ – सात पर अपनी शिकायत या किसी अन्य प्रकार की सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– सीईओ बिहार एट जीमेल डॉट कॉम पर भी शिकायतें भेजी जा सकती हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोग मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के साथ–साथ बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इन पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट शामिल हैं।

---

लोकसभा के छठे और सातवें चरण का चुनाव प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न गठबंधनों और दलों के नेता अपने–अपने उमीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। उमीदवार भी सघन जन सम्पर्क अभियान में जुटे हुये हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आज पश्चिम चम्पारण लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी संजय जायसवाल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सभा का आयोजन बेतिया के बड़ा रमना मैदान में किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालगंज लोकसभा सीट के कुचायकोट, सीवान लोकसभा क्षेत्र के पचरूखी और वैशाली लोकसभा सीट के गोरौल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सीवान, गोपालगंज, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी और वैशाली लोकसभा क्षेत्रों में महागठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी सीवान के गोरियाकोठी और मोतिहारी के गांधी  मैदान में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात पाटलिपुत्र लोकसभा सीट की। पाटलिपुत्र बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

मगध गणराज्य की राजधानी रह चुका पाटलिपुत्र, अपने गौरवशाली अतीत के लिए जाना जाता है। वर्तमान संदर्भों में पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र का इतिहास अधिक पुराना तो नहीं लेकिन काफी दिलचस्प है। वर्ष दो हजार आठ के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आए इस लोकसभा क्षेत्र में मुख्य रूप से पटना के ग्रामीण क्षेत्र आते हैं। अब तक के तीन लोकसभा चुनावों में इस सीट से जदयू और भाजपा उम्मीदवारों को जीत मिलती रही है। वर्ष दो हजार नौ के लोकसभा चुनाव में जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को पराजित किया था। वहीं, वर्ष दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रामकृपाल यादव ने लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती को पराजित किया। इस बार के चुनाव में भी भाजपा के रामकृपाल यादव और राजद की मीसा भारती के बीच ही मुख्य मुकाबला है। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखे तो पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों पर विपक्षी दलों का कब्जा है। दानापुर, मनेर और मसौढ़ी से राजद, फुलवारीशरीफ और पालीगंज से भाकपा माले तथा बिक्रम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक हैं। स्थानीय मुद्दों की बात करें तो आधारभूत संरचनाओं की कमी से यह क्षेत्र आज भी जूझ रहा है। दियारा का इलाका विकास की मुख्य धारा में शामिल होने की बाट जोह रहा है। निवर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों और मोदी की गारंटी के आधार पर अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखते हैं। वहीं, राजद प्रत्याशी मीसा भारती कहतीं है कि उनके सामने चुनौती कुछ भी नहीं है। जनता के जो मुद्दे हैं, वो उन्हीं पर चुनाव लड़ रही हैं। यह देखना काफी रोचक होगा कि क्षेत्र की जनता लगातार तीसरी बार रामकृपाल यादव पर भरोसा जताती है या फिर इस सीट पर लालू प्रसाद के परिवार का खाता खुलता है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि इंडी गठबंधन के नेताओं का परिवारवाद एक मात्र एजेंडा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान को समाप्त करना चाहती है।

———बाईट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और काराकाट संसदीय सीट से प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि भोजपुरी स्टार पवन सिंह लालू यादव के इशारे पर इस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। श्री कुशवाहा ने डेहरी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पवन सिंह एनडीए को नुकसान पहुंचाने के इरादे से चुनाव मैदान में हैं।

---

शिवहर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक कैलाश बाबूराव शिंदे ने चुनाव की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने श्यामपुर भटहां और धनकौल में बनाये गए चेक–पोस्ट का निरीक्षण किया और पुलिस पदाधिकारियों को वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया।

---

गोपालगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी मो. मकसूद आलम के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी और लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

---

कैमूर और सारण जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संध्या चौपाल लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

---

अरवल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी वर्षा सिंह के नेतृत्व में करपी प्रखंड अंतर्गत किंजर बाजार में मशाल जुलूस निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, जिले के कुर्था प्रखंड में भारत स्काउट एंड गाइड और नेहरू युवा केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।

---

मुजफ्फरपुर और भोजपुर जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर महिला मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गयी।

---

केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जहानाबाद प्रखंड के कालूपुर मध्य विद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

---

सीवान जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जारूकता अभियान के तहत डोर–टू–डोर भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। गर्मी के प्रकोप से जन–जीवन प्रभावित है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. सुमन ने बताया कि अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में हॉट डे की स्थिति बनी रहेगी।

–––बाईट–––

इधर, कल छब्बीस जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से अधिक रहा। तेरह जिलों का तापमान बयालीस डिग्री को पार कर गया। राजधानी पटना का तापमान बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि बक्सर चौवालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

अरवल जिले के कुर्था थाना क्षेत्र के सरैया दुबे बीघा गांव में अगलगी की घटना में दस घर जलकर नष्ट हो गए। इस घटना में लाखों रुपये के सामान जलकर नष्ट हो गए।

---

शेखपुरा नगर थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान मोटरसाईकिल सवार तीन लोगों को अवैध पिस्तौल के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने कल पांचवें चरण में होने वाले चुनाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– सौहार्द पर पक्ष–विपक्ष में तकरार।

दैनिक जागरण ने भी इसी खबर का शीर्षक लगााय है– पांचवें चरण का प्रचार थमा, कल मतदान। आज घर–घर दस्तक दे सकेंगे प्रत्याशी।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– सत्ता संभालते ही हमने विकास की गति और कानून व्यवस्था को बेहतर किया।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– रात में भी बढ़ेगी, तपिश.... पारा सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहेगा।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– व्यय पंजी में गड़बड़ी करने पर होगी कार्रवाई।

आज अखबार लिखता है– राज्य कर्मी बनने को सक्षमता परीक्षा चुनाव बाद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत पांच संसदीय क्षेत्रों सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में मतदान कल।

02. इस चरण में हाजीपुर से चिराग पासवान, सारण से रोहिणी आचार्य और सीतामढ़ी से देवेश चन्द्र ठाकुर समेत अस्सी उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज बेतिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा– अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में हॉट डे की स्थिति बनी रहेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।